हिन्दुस्तान

# लापता बच्चे को पाकर मां के छलके आंसू

## सराहनीय

**बलरामपुर, संवाददाता।** चार साल पहले मां की डांट से नाराज होकर घर से निकला 10 साल का बच्चा न जाने कहां चला गया था। मां रहीमा ने उसे हर जगह तलाशा, रिश्तेदारों से लेकर परिचितों तक पूछताछ की और पुलिस से भी गुहार लगाई। समय बीतता गया, लेकिन बेटे का कोई सुराग नहीं मिला। चार साल बाद जब पुलिस ने उसके सामने बेटे को लाकर खड़ा किया तो रहीमा उसे निहारती रह गई। पहचान होते ही आंखों से आंसू छलक पड़े।

तुलसीपुर थाना क्षेत्र के नई बाजार बैरागीपुरवा की है। वर्ष 2022 में घर से गायब हुआ बच्चा अब 14 साल का हो चुका है। तुलसीपुर पुलिस ने चार साल से चल रही तलाश के बाद उसे गोंडा के सुभागपुर रेलवे स्टेशन के पास दत्तनगर पत्थरकट कॉलोनी से बरामद किया है। परिजनों ने भी बच्चे की पहचान कर ली है। 13 सितंबर 2022 को रहीमा पत्नी स्वर्गीय अब्दुल खालिद ने तुलसीपुर पुलिस को तहरीर दी थी कि उसका 10 वर्षीय बेटा खेलते समय अचानक लापता हो गया है। जब उसका पता नहीं चला तो पुलिस ने केस दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी थी।



मां के साथ बेटा आशीष।

- मां की फटकार पर भागा बालक ट्रेन पकड़कर गोंडा पहुंचा था
- अनजान महिला ने बेटे की तरह पाला और रख दिया नया नाम आशीष